ಬಿಸಿನೀರು ಮುದ್ದಪ್ಪ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ – ಚಳ್ಳಕೆರೆ

समय : 3:00 घंटा **विषय : हिंदी** **विषय संकेत : 61H**

अंक : 80

I. निम्नलिखित कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र विकल्प सही है। सही विकल्प चुनकर लिखिए : **8x1=8**

1. ' गणेश' शब्द मे संधि है –

ए) वृद्दि बी) दीर्घ सी) गुण डी) यण

2.'नौका' शब्द का अन्यवचन है –

ए) नौकाएँ बी) नौकाओं सी) नाव डी) नाविक

3. इनमें प्रथम प्रेरणात्मक क्रिया रूप है –

ए) लिखावट बी) चडाई सी) सुनाना डी) बचना

4. 'मजबूत' शब्द का विलोम शब्द है –

ए) मुलायम बी) मजबूर सी) कमजोर डी) कोमल

5. नौकर शब्द का अनयलिंग रूप है _

ए) नौकरी बी) नौकर सी) नौकरानी डी) नौकरे

6. इनमें द्वंद्व समास का उदाहरण है –

ए) त्रिदेव बी) राजवंश सी) नीलकमल डी) माता -पिता

7. 'अभी बाजार --- भुना लाता हूँ'। रिक्त स्थान में उचित कारक होगा –

ए) से बी) को सी) ने डी) पर

8. गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया। इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

ए) प्रश्नवाचक बी) पूर्ण विराम सी) विस्मयबोधक डी) अल्प विराम

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **1x4=4**

9. पहला सेब : आधा सड़ा था :: तीसरा सेब :_____

10. गिल्लू : रेखा चित्र :: मेरा बचपन :_____

11. कर्नल : खुल्लर :: मेजर : _____

12. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : _____

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों मे लिखिए। **1x4=4**

13.लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था ?

14 .कर्नाटक में कौन-कौन से जलप्रपात हैं ?

15. तुलसीदास मुखिया को मुख ही क्यों मानते है ?

16.समय को खोने से क्या होता है ?

Imagination Question papere sample for -2021

IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **8x2=16**

17. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी से बीतने का कारण लिखिए।|
18. अंत मे परसाई जी सीधा स्टेशन जाने का निश्चय क्यों किया **?**
19.आजकल शिक्षित समाज मे किसके बारे मे विचार किया जाता है ?
20. छलनी से क्या-क्या छान सकते हैं ?
21 .समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?
22. बालकृष्ण अपनी माता से क्या शिकायते करता है?
23. शनिग्रह को शनैश्चर क्यों कहते है ?

अथवा

शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

24. झूठ का सहारा लिए तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?

अथवा

सलमा ने मीना मेडम से क्या कहा ?

V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9x3=27**

25. बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लडका था। कैसे ?
26 इंटरनेट एक वरदान भी है और अभिषाप भी | कैसे ? समझाइए।
27. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?
28. महिला की साहस गाथा इसे पाठ से क्या संदेश मिलता है ?
29. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों मे लिखिए।
30. कवि भगवती चरण वर्माजी के अनुसार मातृभूमी का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?
31. दिनकरजी के अनुसार किसे 'सही मानव' कह सकता है ?
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों लिखिए।

मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

33. गद्यांश का अनुवाद कनाड या अंग्रेजी मे कीजिए।

अब्दुल कलाम जो बचपन मे अपने पुश्तैनी घर मे रहते थे ।उनके पिता आडंबरहीन व्यक्ती थे और सभी आवश्यक एवं आरामवाली चीजों से दूर रहते थे।

VI. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए** : **2x4=8**

34. गिल्ल् के कार्य- कलाप के बारे मे लिखिए।

अथवा

गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

Imagination Question papere sample for -2021

35. असफलता ----------

----------भागो तुम ।

VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4

सम्राट अशोक चंद्रगुप्त मौर्य का पौता और बिंदुसार का पुत्र था । अशोक की उदारता और दया की भावना के कारण ही इतिहासकार उसका गुणगान करते नहीं थकते। उसकी उदारता और दया केवल मानव जाति तक ना सीमित थी। वरन वहां तो प्राणी मात्र का संरक्षक और सेवक था । जाति धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त कर उसने जीव मात्र के हित को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। सम्राट अशोक के मानव आदर्श आज भी भारत में जीवित है और यहां के निवासियों को आत्म कल्याण धार्मिक सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व की प्रेरणा दे रहे हैं ।

क) अशोक का गुणगान क्यों किया जाता है ?

ख) अशोक के जीवन का लक्ष्य का क्या था ?

ग) सम्राट अशोक के आदर्श हमें क्या प्रेरणा दे रहे हैं?

घ) घर अशोक किसका पौता था ?

VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए। 1x4=4

क) ' समय का सदुपयोग , -

* प्रस्तावना
* समय का महत्व
* समय का सदुपयोग से लाभ
* उपसंहार

ख) ' स्वच्छ भारत अभियान , -

*प्रस्तावना
* महत्व
* छात्रों का पात्र
* उपसंहार

ग) ' इंटरनेट ' -

* अर्थ
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

IX. 38.कोई कारण बताकर , तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए। 1x5=5

अथवा

अपनी पढ़ाई के बारे मे बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए।

Imagination Question paper sample for 2021

Imagination Question papere sample for -2021

कक्षा :10 वी						नीला नक्षा- BLUE PRINT																अंक : 80	
	स्मरण रखना					समझना					अभिव्यक्ति					रसग्रहण							
विषय-- वस्तु	व.नि	अ.ल	ल. उ.		दी.उ.	व.नि	अ.ल	ल. उ.		दी.उ.	व.नि	अ.ल	ल. उ.		दी.उ.	व.नि	अ.ल	ल.उ.		दी.उ			
	1 अंक	1 अंक	2 अंक	3 अंक	4 अंक	1 अंक	1 अंक	2 अंक	3 अंक	4 अंक	1 अंक	1 अंक	2 अंक	3 अंक	4 अंक	1 अंक	1 अंक	2 अंक	3 अंक	4 अंक	कुल प्रश्न	कुल अंक	
गद्य भाग																							
कश्मीरीसेब			[1]2				[1] *														2	3	
गिल्लू							[1] *								[1]4						2	5	
मेरा बचपन			[1]2												[1]3						2	5	
बसंत की सच्चाई								[1]2						[1]3							2	5	
इंटरनेट क्रांति														[1]3							1	3	
ईमानदारों के सम्मेलन मे			[1]2				[1]1														2	3	
महिला की साहस गाथा							[1] *							[1]3							2	4	
कर्नाटक संपदा	[1]1													[1]3							2	4	
पद्य भाग																							
मातृभूमि														[1]3							1	3	
अभिनव मनुष्य														[1]3							1	3	
तुलसी के दोहे							[1[1]												[1]3		2	4	
समय की पहचान							[1]1	[1]2													2	3	
सूर श्याम							[1]1*	[1]2													2	3	
कोशिश क. की ह. नहीं हो.					[1]4																1	4	
पूरक वाचन																							
शनि : सबसे सुंदर ग्रह								[1]2													1	2	
सत्य की महिमा																							
नागरिक के कर्तव्य								[1]2													1	2	
व्याकरण	[5]5					[3]3															8	8	
रचना भाग अनुवाद									[1]3												1	3	
आपतित गदयांश										[1]4											1	4	
पत्र लेखन															[1]5						1	5	
निबंध रचना														[1]4							1	4	
कुल योग	[10]16					[17]27					[10]34					[1]3					38	80	

Imagination Question papere sample for - 2021

ಬಿಸಿನೀರು ಮುದ್ದಪ್ಪ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ – ಚಳ್ಳಕೆರೆ

Key Answer

I. निम्नलिखित कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र विकल्प सही है। सही विकल्प चुनकर लिखिए : 8x1=8

1. ' गणेश' शब्द मे संधि है –
   सी) गुण
2. 'नौका' शब्द का अन्यवचन है –
   ए) नौकाएँ
3. इनमें प्रथम प्रेरणात्मक क्रिया रूप है –
   सी) सुनाना
4. 'मजबूत' शब्द का विलोम शब्द है –
   सी) कमजोर
5. नौकर शब्द का अनयलिंग रूप है _
   सी) नौकरानी
6. इनमें द्वंद्व समास का उदाहरण है –
   डी) माता -पिता
7. 'अभी बाजार --- भुना लाता हूँ'। रिक्त स्थान में उचित कारक होगा –
   ए) से
8. गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया। इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
   बी) पूर्ण विराम

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 1x4=4

9. पहला सेब : आधा सड़ा था :: तीसरा सेब : **पिचक गया था**
10. गिल्लू : रेखा चित्र :: मेरा बचपन : **आत्मकथा**
11. कर्नल : खुल्लर :: मेजर : **कुमार**
12. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : **कृष्ण**

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों मे लिखिए। 1x4=4

13. लेखक ने धूप का चश्मा टेबल पर रखा था।
14. कर्नाटक में जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं।
15. मुँह खाने पीने का काम अकेले करता है,लेकिन वह जो खाता-पीता है। उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है। इसलिए मुखिया को मुख ही मानते है।
16. समय को खोने से आगे पछताना पड़ता है।

Imagination Question papere sample for -2021

IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. उत्तर : अब्दुल कलाम के पिताजी आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे। पर घर में सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में सुलभता से उपलब्ध थीं। इसलिए अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता।

18.उत्तर : सम्मेलन में लेखक का सामान सब चोरी हो गया था। ताला तक चोरी हो गया था और अब वे बचे थे। लेखक ने सोचा अगर वे वहाँ ज्यादा समय तक रुकेंगे तो उन्हें हीचोरा लिया जायेगा। इसलिए परसाई जी सीधा स्टेशन जाने का निश्चय किया।

19. उत्तर : आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार किया जाता है। टोमाटो को पहले कोई भी न पूछता था।

20. उत्तर : छलनी रसोईघर में काम आनेवाला एक मुख्य वस्तु है। इसके व्दारा हम पानी,दूध, आदि छान सकते हैं। साथ में चाय भी छान सकते हैं।

21 .उत्तर : समय भगवान का दिया हुआ अनुपम धन है। इसलिए आलस को छोड़कर, बिना किसी बहाने काम करना है। एक क्षण भी नष्ट नहीं करना है। तभी समय का सदुपयोग होगा।

22. उत्तर : बालकृष्ण अपनी माता से इस प्रकार शिकायत करता है कि भाई मुझे बहुत चिढ़ाता है। वह मुझसे कहता है कि तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है।इसी गुस्से के कारण उसके साथ खेलने नहीं जाता।

23. शनि ग्रह धीमी गति से चलने से इस ग्रह को शनैश्चर कहते है।

अथवा

शनि का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से हुआ है।

24. उत्तर : झूठ का सहारा लेते हैं तो मुँह काला करना पड़ता है और अपमानित होना पड़ता है।

अथवा

सलमा ने मीना मेडम से क्या कहा ?

उत्तर : सलमा ने मीना मेडम से कहा कि, प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है।

V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27

25. उत्तर :बसंत अपने मेहनत से पैसे कमाना चाहता था। एक दिन उसका सामान बिक नहीं पाया। उसने राजकिशोर से आग्रह किया कि कम से कम एक छलनी तो खरीद लें। उसका आग्रह मानकर वे एक छलनी की कीमत के लिए एक रुपये का नोट दिया। बसंत के पास चिल्लर न होने के कारण वह भुनाने गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शाम को अपने भाई के हाथ में राजकिशोर का बाकी पैसा वापस कराया। इस तरह हम कह सकते हैं कि बसंत एक ईमानदार लड़का है।

26. उत्तर: इंटरनेट एक वरदान है। उसने जीवन के हर क्षेत्र मे अपना कमाल दिखाया है। जैसे – चिकित्सा , कृषि , अंतरिक्ष यान , विज्ञान शिक्षा आदि। यंहा तक कि देश रक्षादलों की कारवाही मे इनेटर्नेट का बहुत बड़ा योगदान है। घर बैठे ख़रीदारी कर सकते है , न्यूस पढ़ सकते है , मोबाइल , बिजली , आदि का बिल भर सकते है। बस , ट्रेन और हवाई जहाज मे आसन का आरक्षण कर सकते है। व्यवहार प्रचार के लिए , विज्ञापन के लिए इस तरह इंटरनेट एक वरदान है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है। इंटरनेट की वजह से पैरसी,बैंकिंग फ्राड,हैकिंग (सूचना/खबरों की चोरी) आदि बढ़ रही हैं। मुक्त वेब साइट,चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी

Imagination Question papere sample for 2021

इंटरनेट की कबंध बाँहों के पाश में फँसे हुए हैं। इससे वक्त का दुरुपयोग होता है और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं। इसलिए इंटरनेट से सचेत रहना चाहिए।

27. उत्तर :जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में कहते थे कि- 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत,आयु,जाती या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।

28. उत्तर : महिला की साहसगाथा पाठ द्वारा छात्र यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि महिलाएँ भी साहस प्रदर्शन मे पुरुषों से कुछ कम नहीं है। बिछेंद्री पाल इस विचार का एक निदर्शन है। ऐसी महिलाओं से प्रेरणा पाकर छात्र साहसी भाव अपना सकते है।

29.उत्तर :प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है। कर्नाटक की प्रकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है। इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

30. उत्तर : कवि भगवती चरण वर्माजी के अनुसार भारत माँ अपने एक हाथ में न्याय पताका और दूसरे हाथ में ज्ञान-दीप लिए सबको सही रास्ते पर चलने को प्रेरित कर रही है। उसके हृदय में अनेक महान विभूतियों का वास है। उसके गोद में पले बच्चों को परस्पर सहयोग से रहने के लिए प्रेरणा दे रही है।

31. उत्तर :दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय यह है कि दिनकजी इस कविता व्दारा यह संदेश देना चाहते हैं कि आज के मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। किन्तु विडंबना यह है कि,उसने स्वयं को नहीं पहचाना,अपने भाईचारे को नहीं समझा। प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है,मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध-बाँधना मानव की सिद्धि है। जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोडकर आपस की दूरी को मिटाए,वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों लिखिए।

मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

उत्तर :प्रस्तुत दोहे में श्री तुलसीदस जी मुख अर्थात मुँह और मुखिया दोनों के स्वभाव की समानता दर्शाते हुए लिखते हैं कि मुखिया को मुँह के समान होना चाहिए। मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है, लेकिन वह जो खाता-पीता है उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है। तुलसीदास जी की राय में मुखिया को भी ऐसे ही विवेकवान होना चाहिए कि वह काम अपनी तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बाँटे।

33. गद्यांश का अनुवाद कनाड या अंग्रेजी मे कीजिए।

ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಮರು ಬಾಲ್ಯದಲ್ಲಿ ತಮ್ಮ ಪೂರ್ವಜರಿಂದ ಬಂದಂತಹ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಇರುತ್ತಿದ್ದರು. ಅವರ ತಂದೆ ಆಡಂಬರರಹಿತ ವ್ಯಕ್ತಿಯಾಗಿದ್ದರು ಎಲ್ಲಾ ಅಗತ್ಯ ಮತ್ತು ಆರಾಮದಾಯಕ ವಸ್ತುಗಳಿಂದ ದೂರವಿರುತ್ತಿದ್ದರು.

VI. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए** : **2x4=8**

34. उत्तर :लेखिका ने फूल रखने की एक हल्की डलिया में रुई बिछाकर उसे तार से खिड़की पर लटका दिया। वही दो वर्ष गिल्लू का घर रहा। वह स्वयं हिलाकर अपने घर में झूलता और अपनी काँच के मनकों-सी आँखों से कमरे के भीतर और खिड़की से बाहर न जाने क्या देखता-समझता रहता था। परन्तु उसकी समझदारी और कार्य-कलाप पर सबको आश्चर्य होता था।

Imagination Question paper sample for 2021

अथवा

उत्तर :गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन–यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न बाहर गया। पंजे ठंडे हो गये,लेखिका ने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

35. असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो।
क्या कमी रह गई देखो और सुधार करो॥
जब तक न सफल हो नींद चैन को त्यागो तुम।
संघर्ष का मैदान को छोड़कर मत भागो तुम॥

VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4

क) अशोक का गुणगान उनकी की उदारता और दया की भावना के कारण किया जाता है।
ख) अशोक के जीवन का लक्ष्य जाति धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त करना था।
ग) सम्राट अशोक के आदर्श हमें आत्म कल्याण धार्मिक सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व की प्रेरणा दे रहे हैं।
घ) अशोक सम्राट अशोक चंद्रगुप्त मौर्य का पौता था।

VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए। 1x4=4

क) ' समय का सद्पयोग , - * प्रस्तावना * समय का महत्व * समय का सद्पयोग से लाभ * उपसंहार

प्रस्तावना : समय का हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण स्थान है समय सभी वस्तुओं से यहां तक कि धन से भी अधिक शक्तिशाली और अमूल्य वस्तु है यदि एक बार ये हमारे हाथ से निकल गया तो फिर यह वापस लौटकर नहीं आता है।

महत्व : समय धन से भी ज्यादा कीमती है; क्योंकि यदि धन को खर्च कर दिया जाए तो यह वापस प्राप्त किया जा सकता है हालांकि, यदि हम एक बार समय को गंवा देते हैं, तो इसे वापस प्राप्त नहीं कर सकते हैं। समय के बारे में एक सामान्य कहावत है कि, "समय और ज्वार-भाटा कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करते हैं।" यह बिल्कुल पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व की तरह ही सत्य है, अर्थात्, जिस तरह से पृथ्वी पर जीवन का होना सत्य है, ठीक उसी तरह से यह कहावत भी बिल्कुल सत्य है। समय बिना किसी रुकावट के निरंतर चलता रहता है। यह कभी किसी की प्रतिक्षा नहीं करता है।

आवश्यकता : हमें जीवन के किसी भी दौर में कभी भी अपने कीमती समय को बिना किसी उद्देश्य और अर्थ के व्यर्थ नहीं करना चाहिए। हमें हमेशा समय के अर्थ को समझना चाहिए और उसी के अनुसार, इसे सकारात्मक ढंग से कुछ उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इसका प्रयोग करना चाहिए। हमें इससे निरंतर कुछ ना कुछ सीखते रहना चाहिए यदि यह बिना किसी रुकावट के चलता रहता है, तो फिर हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते।

उपसंहार : जो घड़ी हम हाथ में बांध कर चलते हैं वह हमसे कहती है कि मेरे साथ चलो भले ही आगे चलो पर मेरे से पीछे हो कर नहीं चलना क्योंकि साथ चलने से सदा जीवन सुखी रहता है और समय सोने से भी अधिक मूल्यवान है और इसकी कीमत समय पर ही समझना जरूरी है।

Answere sample for -2021

ख) ' स्वच्छ भारत अभियान , - * प्रस्तावना * महत्व * छात्रों का पात्र * उपसंहार

प्रस्तावना : स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत सरकार द्वारा देश को स्वच्छता के प्रतीक के रुप में पेश करना है। स्वच्छ भारत अभियान क्या है ?स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्वच्छता मुहिम है जो भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है, इसके तहत 4041 सांविधिक नगरों के सड़क, पैदल मार्ग और अन्य कई स्थल आते है। ये एक बड़ा आंदोलन है जिसके तहत भारत को 2019 तक पूर्णत: स्वच्छ बनाना है। इसमें स्वस्थ और सुखी जीवन के लिये महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपने को आगे बढ़ाया गया है।

महत्व और छात्रों का पात्र : अस्वास्थ्यकर शौचालय को पानी से बहाने वाले शौचालयों से बदलने की आवश्यकता है। हाथ के द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई की व्यवस्था का जड़ से खात्मा जरुरी है। नगर निगम के कचरे का पुनर्चक्रण और दुबारा इस्तेमाल, सुरक्षित समापन, वैज्ञानिक तरीके से मल प्रबंधन को लागू करना। खुद के स्वास्थ्य के प्रति भारत के लोगों की सोच और स्वाभाव में परिवर्तन लाना और स्वास्थ्यकर साफ-सफाई की प्रक्रियों का पालन करना। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में वैश्विक जागरुकता का निर्माण करने के लिये और सामान्य लोगों को स्वास्थ्य से जोड़ने के लिये। इसमें काम करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर कचरे के निष्पादन का नियंत्रण करना, खाका तैयार करने के लिये मदद करना।

उपसंहार : इस तरह हम कह सकते है कि 2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिये स्वच्छ भारत अभियान एक स्वागत योग्य कदम है। जैसा कि हम सभी ने कहावत में सुना है 'स्वच्छता भगवान की ओर अगला कदम है'।

ग) ' इंटरनेट ' - * अर्थ * लाभ * हानि * उपसंहार

इंटेरनेट अर्थ : एक दुसरे से जुड़े कई कंप्यूटरों का जाल है जो राउटर एवं सर्वर के माध्यम से दुनिया के किसी भी कंप्यूटर को आपस में जोड़ता है, उसे इंटरनेट कहते है।

लाभ: इन्टरनेट आज हमारे जीवन एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है , आज इंटरनेट के कई उपयोग है। मनोरंजन के लिए , बैंकिंग के लिए , किसी भी डॉक्यूमेंट को मेल के माध्यम से ट्रान्सफर करने के लिए , आपस में बात चीत करने के लिए , नए दोस्त बना सकते है , online पढाई कर सकते है , घर बैठे शोपिंग कर कर सकते है , न्यूज़ पढ़ सकते है , मोबाइल, बिजली, phone का बिल जमा कर सकते है., बिज़नस के प्रचार प्रसार के लिए . विज्ञापन के लिए , किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इत्यादि…

हानियाँ :कुछ लोग इसके आदी हो जाते है और दिन दिन भर इससे चिपके रहते है जिससे उनकी आँखों की रौशनी कम हो सकती है, साथ यह लोगों ही स्मृति यानि याद्दाश्त को भी बहुत प्रभावित करता है साथ ही इन्टरनेट का इस्तेमाल करने से वायरस का भी खतरा रहता और कुछ हैकर आपकी निजी जानकारी को भी चुरा सकते है जो आपके लिए आर्थिक रूप से हानिकारक हो सकती है.

उपसंहार :- कभी-कभी इंटरनेट से सीधे-तौर पर कुछ भी डाउनलोड करने के दौरान, हमारे कम्प्यूटर में वाइरस, मालवेयर, स्पाइवेयर, और दूसरे गलत प्रोग्राम आ जाते है जो हमारे सिस्टम को नुकसान पहुँचा सकते है। ऐसा भी हो सकता है कि हमारे सिस्टम में रखे डाटा को बिना हमारी जानकारी के पासवर्ड होने के बावजूद भी इंटरनेट के द्वारा हैक कर लिया जाये। इंटरने से भी लाभ भी हैं और हानियाँ भी हैं, अब सिर् हम निर्भर होता है कि इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं।

question papere sample for 2021

IX. 38.कोई कारण बताकर , तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए। **1x5=5**

प्रेषक ,
वर्षा बी स
दसवीं कक्षा,
बिसिनीरू मुद्दप्प सर्कारी हाईस्कूल
चल्लकेरे चित्रदुर्ग जिला।
सेवा में,
कक्षा अध्यापक,
बिसिनीरू मुद्दप्प सर्कारी हाईस्कूल
चल्लकेरे चित्रदुर्ग जिला।

महोदया,

विषय : तीन दिनों की छुट्टि प्रदान करने के बारे में,

सविनय निवेदन है कि, मेरी तबीयत ठीक न होने के कारण मैं दिनांक: : : से दिनांक: : : तक तीन दिनों तक कक्षा में उपस्थित नहीं हो सकती हूँ। इसलिए आप मुझे तीन दिनों की छुट्टि प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

आपका विधेय विद्यार्थिनी,

Xyz

अथवा

Imagination Question paper sample for -2021

प्रवास जाने के लिए 1000/- रुपए माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पर एक पत्र लिखिए :

प्रेषक,
वर्षा बी एस
दसवीं कक्षा,
बिसिनीरू मुद्दप्प सर्कारी हाईस्कूल
चल्लकेरे चित्रदुर्ग जिला।
दिनांक : : :

पूजनीय पिताजी,

सादर प्रणाम,

मैं यहाँ सकुशल हूँ। मुझे यकीन है कि भगवान की कृपा से वहाँ आप सब लोग सकुशल होंगे। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। अब पत्र लिखने का कारण है कि, हमारी पाठशाला में मैसूर, श्रीरंगपट्टण, तलकाडु, नंजनगूडु,निमिषांभा देवालय आदि स्थानों को देखने शैक्षिक यात्रा का आयोजन हुआ है। उसमें मेरे सारे मित्र जा रहे हैं। मैं भी जाना चाहती हूँ। इसलिए आप मुझे प्रवास जाने के लिए अनुमति देते हुए, 1000 /-रुपए भेजने की कृपा करें। पूजनीय माताजी को मेरा सादर प्रणाम। भाई तथा बहन को मेरा याद-प्यार।

आपका प्रिय बेटी,
वर्षा बी एस.
हस्ताक्षर

सेवा में,
सुरेश नायक बी एस
माविनकट्टे
होसदुर्ग ता
चित्रदुर्ग जिला।

Imagination Question paper sample for -2021